दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान अंतिम दौर में। कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गया और पूर्णियां में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा – तीस जून को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी भी वार्षिक वेतन वृद्धि के पात्र होंगे।

04. और, चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की की जा रही है पूजा–अर्चना।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। कल शाम इस चरण के लिए चुनाव–प्रचार का शोर थम जाएगा। पहले चरण में राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में गया और पूर्णियां में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली चुनावी रैली गया संसदीय क्षेत्र में होगी जहां वे गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। दूसरी जनसभा पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में होगी। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री का बिहार का यह तीसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने इसी महीने जमुई और नवादा संसदीय क्षेत्रों में जनसभाएं की थीं।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज जमुई, शेखपुरा, नवादा, गया और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री यादव के साथ विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे देश के सर्वांगीण विकास के लिए फैसले लेते हैं। एक समाचार एजेंसी के साथ भेंट में प्रधानमंत्री ने कहा कि महत्वाकांक्षी दो हजार सैंतालीस विकसित भारत परियोजना पर पिछले दो वर्षों से काम चल रहा है।

———बाईट———

2047 का जो विजन का सवाल है। मैं देर करना नहीं चाहता हूं। मैं समय बिगाड़ना नहीं चाहता हूं। उस अर्थ में मैं कह रहा हूं। मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है, सही दिशा में जाने का प्रयास किया है, फिर भी बहुत कुछ है, जो मुझे अभी भी करना है, क्योंकि मैं देखता हूं मेरे देश की कितनी आवश्यकता है। हर परिवार का सपना, वो सपना कैसे पूरा हो। ये मेरे दिल में पड़ा हुआ है और इसलिए मैं कहता हूं जो हुआ है वो ट्रेलर है।

———————————————————————

राजद ने वैशाली लोकसभा सीट से विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को आधिकारिक तौर पर पार्टी का सिंबल दे दिया है। इस लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण के तहत मतदान होना है।

पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने **नॉक द डोर** अभियान में शिथिलता और लापरवाही बरतने के आरोप में एक सौ अट्ठासी अधिकारी और कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

———————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

——बाईट———

जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने बताया कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

———बाईट———

जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

–––बाईट–––

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अपील की।

–––बाईट–––

लोकसभा क्षेत्र में पहली बार मतदाता बने युवाओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह है।

–––बाईट–––

इधर, राजनीतिक दलों ने भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग को देखते हुए बिहार पुलिस विशेष निगरानी और सतर्कता बरत रही है। इसके लिए आर्थिक अपराध इकाई ने सोशल मीडिया पेट्रोलिंग और मॉनीटरिंग यूनिट का गठन किया है। यह यूनिट आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट को तुरंत रिपोर्ट कर हटाती है। इसके साथ ही पोस्ट डालने वाले वेबपेज को भी ब्लॉक किया जा रहा है। इसके तहत अबतक लगभग तीस संवदेनशील और आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई की गयी है। साथ ही तीन मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच भी की जा रही है। आम लोग **आठ–पांच–चार–चार–चार–दो–आठ–चार–शून्य–चार** पर वाट्सएप कर फर्जी और आपत्तिजनक पोस्ट की शिकायत कर सकते हैं।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि तीस जून को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी एक जुलाई को वेतन वृद्धि के पात्र होंगे। न्यायाधीश नानी तागिया की पीठ ने एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि तीस जून को सेवानिवृत होने वाले कर्मी भी वार्षिक वेतन वृद्धि के हकदार होंगे और ऐसे कर्मियों को वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश की निचली अदालतों में अब किसी भी केस की पैरवी सादे कागज पर नहीं होगी। बिहार स्टेट बार कॉउंसिल द्वारा जारी संशोधित नियमों के बाद केस में पैरवी करने के लिए अधिवक्ता संघ की ओर से बेचे गये फार्म पर ही केस की पैरवी की जाएगी। कॉउंसिल ने कहा है कि ऐसा नहीं करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अब संघ द्वारा बेचे गए वकालतनामा पर ही कोई भी अधिवक्ता किसी भी मुवक्किल के पक्ष में खड़ा हो सकता है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा, रोहतास, भोजपुर और बांका समेत नौ शहरों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, शेखपुरा का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रहा और औरंगाबाद का इकतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार अगले चार दिन के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

---

राज्य के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सभी विभागों को भीषण गर्मी और लू से निपटने के लिए समुचित तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। विभिन्न विभागों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में श्री मेहरोत्रा ने पेयजल संकट से निपटने के लिए भी कार्ययोजना बनाने को कहा।

---

पटना में कोविड के तीन नये मामलों की पुष्टि हुयी है। सिविल सर्जन डॉक्टर मिथिलेश्वर कुमार ने बताया कि इनमें से दो मरीज बेऊर और एक सिपारा के रहने वाले हैं। तीनों मरीजों का होम आईसोलेशन में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

---

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

---

सुपौल के छातापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीपट्टी नहर स्थित रेलवे फाटक के पास अपराधियों ने एक निजी बैंक की गाड़ी पर गोली–बारी कर दस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं, भोजपुर

जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां बाजार स्थित एक बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से अपराधियों ने हथियार के बल पर ढाई लाख रूपये लूट लिये। दूसरी तरफ, कटिहार जिले के फलका बाजार के पास अपराधियों ने एक ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी के कार्यालय से बाईस लाख रूपये मूल्य के मोबाईल लूट लिये।

———————————————————————

दरभंगा की एक अदालत ने हत्या के लगभग चार वर्ष पुराने एक मामले में दो दोषियों को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी मोहम्मद रियाज और सोनी पर जुर्माना भी लगाया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस में आधुनिक एलएचबी कोच लगा दिये गये हैं। इन कोच के लगने से ट्रेन के एक डब्बे में सीटों की संख्या बढ़कर अस्सी से तिरासी हो गयी है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराही से एसएसबी के जवानों ने लगभग डेढ हजार बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कैमूर जिले के चांद प्रखंड के प्रमुख पद पर चंदन कुमार सिंह और भगवानपुर प्रखंड के प्रमुख पद पर राधिका देवी तथा उप–प्रमुख पद पर माधुरी देवी को जीत मिली है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक समाचार एजेंसी के साथ साक्षात्कार को प्रमुखता देते हुए लिखा है– प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिए अपना नजरिया पेश किया।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– अंतिम दौर में पहले चरण का चुनाव–प्रचार।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– पहले चरण की चार सीटों पर कल शाम थम जाएगा प्रचार।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– इस बार अगस्त से होगी तेज बारिश के दौर की शुरूआत।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– इंतजार करते रहे राज्यपाल, बैठक में नहीं पहुंचे के. के. पाठक।

**दैनिक आज** की सुर्खी है– अरविन्द केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तेईस अप्रैल तक बढ़ी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान अंतिम दौर में। कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गया और पूर्णियां में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा – तीस जून को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी भी वार्षिक वेतन वृद्धि के पात्र होंगे।

04. और, चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की की जा रही है पूजा–अर्चना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।